सौगात

भुआ बिछिया में एनएच-30 पर 76 लाख से विकास, मंत्री उइके और विधायक पट्टा ने किया लोकार्पण

# डेकोरेटिव पोल और एलईडी लाइट से जगमगाया एनएच



**नवभारत, भुआ बिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्र में विशेष निधि से कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण शनिवार को पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर डेकोरेटिव पोल एवं एलईडी लाइट का शुभारंभ किया। पूजन पंडित पुरुषोत्तम शुक्ला द्वारा संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुसराम, भाजपा स्त्र मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### दो चरणों में हुआ का काम

नगर परिषद द्वारा विशेष निधि से यह कार्य दो चरणों में कराया गया है। पहले चरण में दानिटोला तिराहा से शासकीय प्राथमिक शाला भुआ तक एनएच-30 के डिवाइडर के मध्य डेकोरेटिव पोल की स्थापना एवं एलईडी लाइट फिटिंग। दूसरे चरण में शासकीय प्राथमिक शाला भुआ से बंजारी माता मंदिर तक ह॥-30 के किनारे डेकोरेटिव पोल एवं स्थ्रष्ठ लाइट फिटिंग। कुल 76 लाख 21 हजार की लागत से हुए इस कार्य से अब रात के समय राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को बेहतर रोशनी मिलेगी। साथ ही क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी।

### हर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य : जिला पंचायत अध्यक्ष

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुसराम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से मंडला जिले के हर क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। भुआ बिछिया में लगे डेकोरेटिव पोल क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात हैं। इससे क्षेत्र की रौनक बढ़ेगी और सुरक्षा भी बेहतर होगी।

### छोटे नगरों का विकास सरकार की प्राथमिकता : मंत्री उइके

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मां बंजारी का धाम सिद्ध धाम है। जब मैं पहली बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने आई थी, तब भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. सुनील नामदेव और स्व. नंद विश्वकर्मा ने माता जी का पूजन कराया था। माता ने मेरी मन्नत पूरी की और आज तक पीछे मुड़कर देखने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छोटे-छोटे नगरों के विकास के लिए विशेष रूप से काम कर रही है। सड़क, बिजली और स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है। इस तरह के सौंदर्यीकरण कार्य से न केवल शहर की पहचान बनेगी बल्कि व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने मंच से बंजारी धाम में सामुदायिक भवन एवं शौचालय निर्माण की मांग स्वीकार करते हुए शीघ्र निर्माण करवाने का आश्वासन भी दिया।

### बाईपास जरूरी, आगे बढ़कर करें काम : विधायक पट्टा

विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि नगर परिषद के विकास के लिए सभी लोगों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग करना होगा, तभी बिछिया की जिले में अलग पहचान बन सकेगी। उन्होंने नगर में हो रही निरंतर दुर्घटनाओं, मौतों और यातायात जाम की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर परिषद चुनाव के दौरान बाईपास सड़क निर्माण की घोषणा की थी। 4 साल बीत जाने के बाद भी बाईपास नहीं बना। इस सड़क निर्माण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। विधायक ने मंत्री उइके से बंजारी धाम में सामुदायिक भवन और शौचालय निर्माण की मांग भी की।

# घर में सो रही महिला को बाघ ने खींचा, मौत

▸ क्षेत्र में मची इस दुर्घटना से ग्रामीणों में आक्रोश



**नवभारत, परसवाड़ा।** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घर मे सो रही एक बैगा समुदाय की महिला को बाघ ने घर से उठाकर अपना शिकार बना डाला, जिसके बाद ग्राम में दहशत का माहौल है, वहीं विभाग के प्रति लोगों में भारी आक्रोश भी देखने मिला। जिन्होंने पीएम के बाद शव एम्बुलेंस से उतारने से मना करते हुए जमकर विरोध जताया।

जिले की आदिवासी बाहुल्य परसवाड़ा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुमादेही के ग्राम पर्रापुर निवासी सुगनाबाई पति बुधराम धुर्वे उम्र तकरीबन 55 वर्ष, जो बीती रात्रि अपने घर मे अपनी नन्ही पोती के साथ सो रही थी , वहीं पास में उसका पति भी सोया था, तभी तकरीबन 1 बजे अचानक बाघ घर मे घुसकर उसे घसीटता हुआ 50 मीटर तक खेतों में ले गया, जैसे ही बाघ महिला को अपने जबड़े में दबाकर खींचता हुआ ले जाने लगा, तभी पास ही सोये उसके पति बुधराम ने शोर मचाया, जिसके बाद शोर सुनकर पास ही घर मे सो रहा उसका बेटा दौड़कर आया, जिसके बाद उसने टोर्च की रोशनी में देखा कि बाघ उसकी माँ को घसीटता ले जा रहा है, वह बचाने दौड़ा, शोर मचाने लगा, तभी बाघ महिला को छोड़ उसके बेटे की ओर झपटा, हालांकि वह किसी तरह वहां से भाग निकला। शोर सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुँच गए, जिसके बाद ग्रामीणों का हुजूम देखकर बाघ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। इधर बाघ के हमले से महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई, पूरा शरीर लहूलुहान हो गया, और बाघ ने इस तरह हमला किया था कि कुछ जगहों पर उसके सिर की हड्डियां बिखरी मिली। ग्रामीणों ने तत्काल 108 की मदद से गम्भीर घायल महिला को उपचारार्थ बैहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, किन्तु बाघ के द्वारा महिला को गम्भीर चोट पहुचाई, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुबह पीएम के बाद शव को वापस गांव लाया गया, जहां विभागीय अमला भी पहुँचा, इस दौरान ग्रामीणों के भारी आक्रोश का विभागीय अमले को सामना करना पड़ा।

### क्षेत्र में यह चौथी घटना

वहीं लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में यह चौथी घटना है, जिसमे बाघ द्वारा ग्रामीणों को अपना शिकार बना लिया गया है।

▸ एक नजर में ◂

### 5 को निकलेगी कांवड़ यात्रा

**नवभारत, बालाघाट।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम समनापुर से डाक कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। समिति के प्रभारी त्रिलोक सुलाखे द्वारा सूचना दी गई है कि 5 अगस्त दिन बुधवार को सुबह लगभग 8 बजे ग्राम समनापुर में स्थित वैनगंगा नदी के जल को डाक कांवड़ में भरकर बिना रुके लगातार नियमानुसार डाक कांवड़ प्रारंभ होगी। यह डाक कांवड़ ग्राम समनापुर से होते हुए भटेरा चौकी, बालाघाट काली पुतली, आंबेडकर चौक, हनुमान चौक , कोसमी नवेगांव से हट्टा किरनापुर होते हुए लांजी में दादा कोटेश्वर को मां वैनगंगा का जल अर्पित किया जाएगा। यह डाक कांवड़ का 4 वर्ष है। जिले के सभी दादा कोटेश्वर महादेव जी के भक्तों से निवेदन किय गया है कि सभी भक्तगण ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाक कांवड़ में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करे और अपने जीवन को सार्थक बनाए। यह डाक कांवड़ महाकाल सेवा मंडल समनापुर और हनुमान मंदिर समिति समनापुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

### स्काउट्स एवं गाइड्स ने मनाया सेवा पर्व

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जबलपुर मंडल द्वारा विश्व स्कार्फ दिवस के अवसर पर स्काउट-गाइड स्कार्फ की गरिमा एवं महत्व को प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्कार्फ धारण कर सेवा, अनुशासन, एकता, बंधुत्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। स्कार्फ स्काउटिंग की पहचान के साथ-साथ विश्वभर के स्काउट्स एवं गाइड्स के बीच भाईचारे और एकता का प्रतीक है।

### साहित्य ही हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा का आधार है : डॉ. भलावी

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक चेतना, नैतिक मूल्यों तथा जीवन दर्शन का सशक्त संवाहक है। ये बातें मुख्य वक्ता पूर्व कुलगुरु डॉ. लीला भलावी ने कहीं। मौका था स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा में साहित्य का महत्व' विषय पर आयोजित व्याख्यान का। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय साहित्य की समृद्ध परंपरा, उसके दार्शनिक आयाम तथा वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता से अवगत कराया गया।

# भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर लौटे जवान का किया स्वागत



**नवभारत, वारासिवनी।** देश सेवा में अपनी जान कुर्बान कर देने वाले वीर जवानो के लिए लोगो के दिलो में कितना प्यार सत्कार होता है।ये तस्वीर वारासिवनी नगर सहित ग्रामीणों क्षेत्रो में हमेशा देखने मिलती है। भारतीय थल सेना के तकनीक ईएमई कोर से सेवानिवृत होकर अपने घर वापस पहुँचे जवान मनोज बिसेन वारासिवनी नगर के जय स्तंभ चौक पहुंचते ही नगर वासियों विधायक ने अपनी पलकों पर बैठाया और फूल मालाओ व ढ़ोल नगाड़ो से जुलुस निकालकर जवान क़ो घर ले गए। वहीं विधायक विवेक विक्की पटेल ने साल श्रीफल से घर आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान जवान मनोज बिसेन पिता राधेश्याम बिसेन में बताया कि मैं स्कूल की पढ़ाई करते हुए ही सोच लिया था कि मुझे देश की सेवा करनी है। मेरा शुरू से ही इस ओर ध्यान था और मुझे सफलता मिली। मैं आगे अपने ग्राम के नवयुवकों को भी देश की सेवा करना के बारे में प्रेरित करूंगा। मेरी पहली पोस्टिंग नायक पद पर पठानकोट में उसके बाद कारगिल, भटिंडा, जोशीमठ, बिनकुडी, सिकन्दराबाद सहित अन्य जिलों में 17 वर्ष देश सेवा का कार्य किया है। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे देश के जाबाज जवान ग्राम लालपुर निवासी मनोज बिसेन ने 17 वर्ष देश कि सेवा करके अपने घर वापस आये है।ये हमारे लिए गर्व कि बात है।यही एक नौकरी है।

▸ पुलिस की मौजूदगी में मृत नवजात शिशु को निकाला गया

# नाना ने अपने ही नाती को घर के पीछे किया दफन



**नवभारत, वारासिवनी।** वारासिवनी पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नांदगांव के गोपीटोला में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां 40 वर्षीय धारासिंह मड़ावी ने अपने नवजात नाती को घर के पीछे गोबर के घुड़ा में गाड़कर दफन कर दिया। घटना 29-30 जुलाई की रात की बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलने पर वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी अपने स्टाफ के साथ 31 जुलाई की रात घटना स्थल पर पहुंचे। मगर काफी अंधेरा और तेज बारिश होने के कारण नवजात शिशु के शव को गड्ढे से बाहर नहीं निकाल पाये।

जिसके बाद 1 अगस्त की सुबह फिर नायब तहसीलदार चंद्रकिशोर ककोडिया और डॉक्टर और पुलिस की मौजूदगी में मृत नवजात शिशु के शव को गड्ढे से बाहर निकला गया और वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय लाकर उसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं वारासिवनी पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। मृत नवजात शिशु को गड्ढे से बाहर निकालने के बाद पता चला कि नवजात बालक के गले और मुंह में कपड़ा बंधा हुआ था। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नाना ने नवजात नाती को गड्ढे में गाड़ने से पहले मुंह और गले में कपड़ा बांधकर मारा होगा।

### अविवाहित बेटी ने नवजात शिशु को दिया था जन्म

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार 29-30 जुलाई की सुबह धारासिंह मड़ावी के आसपास निवासरत लोगों को रात में शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी थी। सुबह जब पड़ोसियों ने उनसे पूछा, तो परिवार के सभी लोग टालमटोल करने लगे। जिसके पश्चात आंगनवाड़ी की आशा कार्यकर्ता को मौके पर बुलवा कर पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि इनकी बेटी कुछ दिनों से गर्भवती थी।

# नशा मुक्त युवा पीढ़ी से ही तय होगा देश का भविष्य : प्रधानमंत्री मोदी

▸ कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत के अंतर्गत संचालित माय भारत युवा कनेक्ट-नशा मुक्त युवा बार विकसित भारत ' अभियान के तहत 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, प्राध्यापकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं, जिले के छात्र-छात्राएं, नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) के प्रतिनिधि तथा माए भारत के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और उन्हें नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से 'नशा मुक्त भारत' की शपथ ग्रहण कर अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया। युवाओं को माए भारत पोर्टल के माध्यम से 'नशा मुक्त संकल्प' अभियान से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेंभरे एवं प्रो. सुखचंद एडे ने किया।

# भटेरा में अवैध रेत परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने रविवार सुबह संयुक्त छापामार कार्रवाई की। जिला खनिज शाखा, तहसील बालाघाट, लामता एवं लालबर्रा के खनिज अमले ने पुलिस बल के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान तहसील बालाघाट के ग्राम भटेरा से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। सभी वाहनों को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा), बालाघाट परिसर में रखा गया है। उप संचालक खनिज फरहत जहां ने बताया कि वाहन चालकों ने पूछताछ में बताया कि रेत ग्राम भटेरा से भरकर विक्रय के उद्देश्य से लाई जा रही थी। मामले में संबंधित वाहनों के विरुद्ध अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण नियम, 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध आगे भी लगातार संयुक्त अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वेद, गीता और योगसूत्र से समझाया स्वस्थ जीवन का विज्ञान



**नवभारत ,जबलपुर।** महाराष्ट्र व्यायाम शाला के 'मंथन अमृत महोत्सव' के दूसरे दिन आयोजित ज्ञानवर्धक सत्र में संस्था के सचिव अविनाश हलवे ने मन:शक्ति से स्वास्थ्य विषय पर प्रभावी व्याख्यान एवं प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय ऋषि परंपरा, योग और आध्यात्मिक विज्ञान के माध्यम से मानसिक शक्ति के महत्व को सरल एवं प्रेरक ढंग से समझाया।

अविनाश हलवे ने कहा की वेद, श्रीमद्भगवद्गीता और पतंजलि योगसूत्र में मन की शक्ति को जीवन का सबसे बड़ा आधार माना गया है। उन्होंने बताया कि प्राचीन ऋषि-मुनियों ने तप, साधना और ध्यान के माध्यम से अपनी मानसिक क्षमता का विकास कर दीर्घायु एवं निरोग जीवन प्राप्त किया। आज आधुनिक विज्ञान भी इन्हीं सिद्धांतों को स्वीकार करते हुए तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन के लिए ध्यान एवं योग को प्रभावी उपाय मान रहा है।

# मेडिकल अस्पताल में मांगें पूरी न होने पर नर्सें करेंगी आंदोलन



**नवभारत, जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के विभिन्न अस्पतालों में बेड बढ़ने के अनुपात में पर्याप्त स्टाफ न मिलने से नाराज मेडिकल एंड हेल्थ नर्सिंग एसोसिएशन ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार मेडिकल अस्पताल, सुपरस्पेशिलिटी, स्टेट कैंसर अस्पताल और एसईपीएम में बेड की संख्या 1000 से बढ़ाकर 2266 कर दी गई है और इसी आधार पर एमबीबीएस की सीटें भी बढ़ी हैं, लेकिन नर्सिंग ऑफिसर के पद नियमानुसार नहीं बढ़ाए गए। स्टाफ की भारी कमी के चलते नर्सेज अत्यधिक कार्यभार झेलने को मजबूर हैं, जिसके निराकरण के लिए पूर्व में शासन स्तर पर कई बार पत्राचार किया गया पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित नर्सिंग संवर्ग ने अपनी लंबित मांगों जैसे शासन के पत्र दिनांक 21 अप्रैल 2026 के तहत स्वशासी कर्मचारियों के एम्प्लॉई कोड जारी करने, सातवें वेतनमान का लाभ चिकित्सा शिक्षकों की तरह 1 अप्रैल 2018 के स्थान पर 1 जनवरी 2016 से देकर 27 महीने का एरियर्स भुनाने, मध्य प्रदेश शासन के राजपत्र दिनांक 15 जनवरी 2026 एवं मध्य प्रदेश स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के परिपत्र दिनांक 11 सितंबर 1985 के अनुसार समस्त डिप्लोमा या डिग्रीधारी नर्सिंग ऑफिसर को क्रमशः तीन-चार वेतनवृद्धि का लाभ देने और 2011 में भर्ती हुए स्टाफ को समयमान वेतनमान के एरियर्स का भुगतान करने के पक्ष में मोर्चा खोल दिया है।

आयोजन

पंचशील बुद्ध विहार में बह रही ध्यान एवं धर्म की धारा

# मानसिक सुख के लिए बुद्ध वचनों का श्रवण करें : बुद्ध कन्या



**नवभारत, बालाघाट।** पंचशील बुद्ध विहार, बुढ़ी बालाघाट में पूज्य बौद्ध भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी के सानिध्य में 29 जुलाई से वर्षावास अधिष्ठान प्रारंभ हो चुका है। उपासक उपसिकाओं को धम्मदेसना देते हुए उन्होंने कहा की यदि हमें मानसिक सुख शांति चाहिए तो श्रद्धा पूर्वक बुद्ध वचनों का श्रवण करना चाहिए।

84 हजार बुद्ध वचन आज भी उतने ही प्रासंगिक है जितने 3 हजार साल पूर्व थे। दुनिया में कोई सबसे सुंदर एवं सूखकर चीज है तो वह है बुद्ध धम्म एवं संघ। जो इनकी शरण मे जाता है वह सुगति को प्राप्त होता है। वर्षावास के इस पावन अवसर पर पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी जी के सानिध्य में विहार में प्रतिदिन प्रात: एवं सायं कालीन धम्म कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम इस प्रकार है प्रात: 5:00 बजे ध्यान,प्रात: 6:00 बजे पूजा वंदना एवं सुत्त संगायन,प्रात: 7:10 बजे अल्पाहार,सायं कालीन सत्र, सायं 5:30 बजे ध्यान, सायं 6:30 बजे पूजा वंदना की जाती है।

वर्षावास बौद्ध भिक्षु-भिक्खुनी परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जिसका आरंभ स्वयं भगवान बुद्ध के समय से माना जाता है।

वर्षा ऋतु के इन माहों में भिक्षु-भिक्खुनी एक ही स्थान पर निवास करते हुए ध्यान-साधना, सुत्त संगायन, धम्म देसना एवं आत्मशुद्धि में अपना समय व्यतीत करते हैं। यह परंपरा प्राय: आषाढ़ पूर्णिमा से प्रारंभ होकर आश्विन पूर्णिमा तक चलती है, जिसके पश्चात कठिन चीवर दान का आयोजन होता है। वर्षावास काल में उपासक-उपासिकाओं द्वारा विहार में उपस्थित होकर दान, शील एवं भावना का अभ्यास करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

# चोरी के फोन सहित शातिर चोर गिरफ्तार



**जबलपुर।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत जीआरपी जबलपुर और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को स्टेशन चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 के कटनी छोर पर एक युवक द्वारा यात्रियों को चोरी के मोबाइल बेचने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पंकज मेहरा उर्फ टीकू (23) निवासी बरमानकला, जिला नरसिंहपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बिना सिम के तीन चोरी के मोबाइल फोन, जिनमें दो रियलमी और एक वनप्लस कंपनी का मोबाइल शामिल है, बरामद किए गए। जब्त मोबाइलों की अनुमानित कीमत 62 हजार रुपये बताई गई है।

### पूर्व में भी दर्ज है मामले

आरोपी मोबाइलों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या खरीद का बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद जीआरपी ने उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर मोबाइल फोन जब्त कर लिए। ई-रक्षक ऐप से जांच में आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। आरोपी को विधिसम्मत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत प्रधान आरक्षक परशुराम यादव, मनोज मिश्रा, अरुण तिवारी, रविकांत, सतेन्द्र सिंह तथा प्रधान आरक्षक जितेन्द्र तिवारी एवं आरक्षक हरिकेश दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।